Keeping in view the public interest, the RVNL should ensure to re-locate these schemes in their original condition. The Rail Vikas Nigam will take immediate steps for the repair of existing schemes and re-construction afresh.

The Land Acquisition Officer (Railway) Bilaspur should ensure before disbursement of Rehabilitation and Resettlement benefits that if any family's name included in two villages in that condition the benefit may be given in one place after verifying the eligibility of R&R scheme The benefit to any undeserved family should not be given wrongly.

विधि विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 5 जनवरी, 2026

संख्याः एल.एल.आर.–डी.(6)–22 / 2025–लेज.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2025 (2025 का विधेयक संख्यांक 19) को दिनांक 31–12–2025 को अनुमोदित कर दिया है तथा अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अधीन, विधेयक के अंग्रेजी पाठ को राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित करने के लिए प्राधिकृत कर दिया है। अतः उपरोक्त विधेयक को वर्ष 2026 के अधिनियम संख्यांक 1 के रूप में अंग्रेजी प्राधिकृत पाठ सहित राजपत्र (ई–गजट) हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किया जाता है।

आदेश द्वारा,

हस्ताक्षरित / –
(डॉ0 विवेक ज्योति)
संयुक्त विधि परामर्शी एवं संयुक्त सचिव (विधि)।

2026 का अधिनियम संख्यांक 1

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2025

धाराओं का क्रम

धाराः

1. संक्षिप्त नाम।
2. धारा 2 का संशोधन।
3. धारा 4 का संशोधन।
4. धारा 5 का संशोधन।
5. धारा 5–ख का संशोधन।
6. धारा 7–क का संशोधन।
7. धारा 9 का संशोधन।
8. धारा 31 का संशोधन।
9. धारा 32 का संशोधन।
10. धारा 33 का संशोधन।
11. धारा 38 का संशोधन।
12. धारा 39 का संशोधन।

13. धारा 40 का संशोधन।
14. धारा 41 का संशोधन।
15. धारा 60 का संशोधन।
16. धारा 64 का संशोधन।
17. धारा 76 का संशोधन।
18. धारा 99 का संशोधन।
19. धारा 115 का प्रतिस्थापन।
20. धारा 120 का संशोधन।
21. धारा 121 ग का अन्तःस्थापन।
22. धारा 122 का संशोधन।
23. धारा 133 का संशोधन।
24. धारा 134 का संशोधन।
25. धारा 142 का संशोधन।
26. धारा 144 का संशोधन।
27. धारा 145 का संशोधन।
28. धारा 151 का प्रतिस्थापन।
29. धारा 152 का संशोधन।
30. धारा 155 का संशोधन।
31. धारा 158–द का संशोधन।
32. धारा 160 का संशोधन।
33. धारा 160–क का संशोधन।
34. धारा 161 का संशोधन।
35. धारा 167 का संशोधन।
36. धारा 169 का संशोधन।
37. धारा 172 का संशोधन।
38. धारा 186 का संशोधन।
39. धारा 190 का संशोधन।
40. अनुसूची–3 का प्रतिस्थापन।

————————

2026 का अधिनियम संख्यांक 1

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2025

(माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा तारीख 31 दिसम्बर, 2025 को यथाअनुमोदित)

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994, (1994 का अधिनियम संख्यांक 4) का और संशोधन करने के लिए **अधिनियम**।

भारत गणराज्य के छिहत्तरवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित होः–

1. **संक्षिप्त नाम.**––इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2025 है।

2. **धारा 2 का संशोधन.**––हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 (जिसे इसमें इसके पश्चात् "मूल अधिनियम" कहा गया है) की धारा 2 में,–

(क) खण्ड (22) में, "दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 2" शब्दों, चिन्ह और अंकों के स्थान पर "भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (2023 का 46) की धारा 2" शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे।

(ख) खण्ड (35)में, "भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 21" शब्दों, चिन्ह और अंकों के स्थान पर "भारतीय न्याय संहिता, 2023 (2023 का 45) की धारा 2 (28)'' शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे।

3. **धारा 4 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 4, की उप–धारा (3) के पश्चात् निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"(4) यदि कोई व्यक्ति,–

(क) किसी निर्वाचक नामावली की तैयारी, पुनरीक्षण या शुद्धि; या

(ख) किसी प्रविष्टि के किसी निर्वाचक नामावली में सम्मिलित या उसमें अपवर्जित किए जाने के सम्बन्ध में,

लिखित रूप में कोई कथन या ऐसी घोषणा करता है जो मिथ्या है और जिसके मिथ्या होने का या तो उसे ज्ञान है या विश्वास है या जिसके सत्य होने का उसे विश्वास नहीं है, तो वह धारा 155 के अनुसार दण्डित किया जाएगा।"।

4. **धारा 5 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 5 में,–

(क) उप–धारा (1) में,

(i) द्वितीय परन्तुक में,––

(अ) "उपायुक्त" शब्द के पश्चात् "या निदेशक" शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे;

(आ) "तीस" शब्द और "विशेष बैठक" शब्दों के स्थान पर "तीन" शब्द और "विशेष बैठक" शब्द क्रमशः रखे जाएंगे; और

(ii) तृतीय परन्तुक में, "तीस" शब्द के स्थान पर "सात" शब्द रखा जाएगा;

(ख) उप–धारा (3) में,–

(i) ''साधारण'' शब्द के पश्चात् ''या विशेष'' शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे; और

(ii) परन्तुक के अन्त में, ''।'' चिन्ह के स्थान पर '':" चिन्ह रखा जाएगा और तत्पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित'' किया जाएगा, अर्थात्:––

"परन्तु यह और कि जनसाधारण की जागरूकता के प्रयोजन से और किसी भी दिवस के समारोह इत्यादि से आयोजित विशेष बैठक गणपूर्ति के अभाव में स्थगित नहीं की जाएगी।"।

5. **धारा 5 ख का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 5–ख की उप–धारा (1) में, "8 मार्च को" अंक और शब्दों के स्थान पर "फरवरी के पहले रविवार को" शब्द रखे जाएंगे।

6. **धारा 7–क का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 7–क की उप–धारा (3) में, "।" चिन्ह के स्थान पर ":" चिन्ह रखा जाएगा और तत्पश्चात् निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"परन्तु ग्राम पंचायत का प्रधान उप–ग्राम सभा की बैठकों में विशेष आमंत्रिती के रूप में आमंत्रित किया जाएगा तथा प्रधान उक्त बैठक में भाग ले सकेगा।"।

7. धारा 9 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 9 की उप–धारा (1) में, "सार्वजनिक होगी और" शब्दों का लोप किया जाएगा।

8. धारा 31 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 31 की उप–धारा (1) में, "दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973'' शब्दों, चिन्ह और अंकों के स्थान पर "भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023" (2023 का 46) शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे।

9. धारा 32 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 32 की उप–धारा (2) में,–

(क) "दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 125" में शब्दों, चिन्ह और अंकों के स्थान पर ''भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (2023 का 46) की धारा 144" शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे; और

(ख) "पांच सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "एक हजार रुपये" शब्द रखे जाएंगे।

10. धारा 5 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 33 में, "एक सौ रुपये से अनधिक" शब्दों के स्थान पर "एक हजार रुपये तक" शब्द रखे जाएंगे।

11. धारा 38 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 38 में,––

(क) खण्ड (ख) में ''भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 379" शब्दों, चिन्ह और अंकों के स्थान पर "भारतीय न्याय संहिता, 2023 (2023 का 46) की धारा 303 (2)" शब्द, चिन्ह, कोष्ठक और अंक रखे जाएंगे; और

(ख) खण्ड (ग) में "दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 109 या 110" शब्दों, चिन्ह और अंकों के स्थान पर ''भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (2023 का 46) की धारा 128 या 129" शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे।

12. धारा 39 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 39 में, "दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "एक हजार रुपये" शब्द रखे जाएंगे।

13. धारा 40 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 40 में, "दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 202" शब्दों, चिन्ह और अंकों के स्थान पर "भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (2023 का 46) की धारा 225" शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे।

14. धारा 41 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 41 में,–

(क) उप–धारा (1) में, "दो हजार रुपये" शब्दों के स्थान पर "पच्चीस हजार रुपये" शब्द रखे जाएंगे; और

(ख) उप–धारा (2) में, "पांच हजार रुपये" शब्दों के स्थान पर "पचास हजार रुपये" शब्द रखे जाएंगे।

15. धारा 60 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 60 की उप–धारा (4) में, "भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973" शब्दों, चिन्ह और अंकों के स्थान पर "भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023, (2023 का 47) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (2023 का 46)" शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे।

16. धारा 64 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 64 में,

(क) उप–धारा (2) में, "दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 7" शब्दों, चिन्ह और अंकों के स्थान पर "भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 7" शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे; और

(ख) उप–धारा (5) में, "दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अध्याय 33" शब्दों, चिन्ह और अंक के स्थान पर "भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (2023 का 46) के अध्याय 34" शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे।

17. धारा 76 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 76 में, "भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 75 या दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 356 या 360'' शब्दों, चिन्हों और अंकों के स्थान पर "भारतीय न्याय संहिता, 2023 (2023 का 45) की धारा 13 या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (2023 का 46) की धारा 394 या 401" शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे।

18. धारा 99 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 99 में,–

(क) उप–धारा (5) में, "।" चिन्ह के स्थान पर ":" चिन्ह रखा जाएगा और तत्पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"परन्तु वेतन का संदाय करने के लिए पंचायत समिति निधि से रकम सम्बद्व पंचायत समिति के सचिव के हस्ताक्षराधीन निकाली जाएगी, जिसके लिए कार्योत्तर अनुमोदन सभा से उसकी तुरन्त आगामी बैठक में अभिप्राप्त किया जाएगा।''; और

(ख) उप–धारा (6) में, "।" चिन्ह के स्थान पर ":" चिन्ह रखा जाएगा और तत्पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"परन्तु वेतन का संदाय करने के लिए जिला परिषद् निधि से रकम सम्बद्व जिला परिषद् के सचिव के हस्ताक्षराधीन निकाली जाएगी, जिसके लिए कार्योत्तर अनुमोदन सभा से उसकी तुरन्त आगामी बैठक में अभिप्राप्त किया जाएगा।''।

19. धारा 115 का प्रतिस्थापन.––मूल अधिनियम की धारा 115 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:––

''115. बकाया की वसूली.––(1) पंचायत का सचिव पंचायत द्वारा किसी व्यक्ति से दावा करने योग्य किसी कर, जल दर, किराया, फीस या किसी अन्य रकम के बकाया की वसूली हेतु ऐसे व्यक्ति को नोटिस जारी करके समस्त अवश्यक कदम उठाएगा।

(2) सम्बद्ध खण्ड विकास अधिकारी, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत की बाबत ऐसे व्यक्तियों जिनसे ऐसी रकम देय है कि सूची सहित वसूलीय रकम के ब्यौरे कलक्टर को प्रस्तुत करेगा।

(3) सम्बद्ध मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् की बाबत ऐसे व्यक्तियों जिनसे ऐसी रकम देय है की सूची सहित वसूलीय रकम के ब्यौरे कलक्टर को प्रस्तुत करेगा।

(4) पंचायत द्वारा दावा की गई रकम भू–राजस्व के बकाया के रूप में कलक्टर द्वारा वसूल की जा सकेगीः

परन्तु राज्य सरकार आदेश द्वारा हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, 1953 (1954 का 6) के अधीन किसी अन्य अधिकारी को कलक्टर की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए नियुक्त कर सकेगी।''।

20. धारा 120 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 120 में, उप–धारा (3) के पश्चात् निम्नलिखित अतःस्थापित किया जाएगा, अर्थातः–

"(4) यदि कोई पंचायत, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम जारी करने के पश्चात् अपरिहार्य परिस्थिति या जन– साधारण द्वारा बहिष्कार या किन्हीं अन्य कारणों से गठित नहीं की जाती है तो पश्चात्वर्ती गठित ऐसी पंचायत की अवधि राज्य की अन्य पंचायतों के साथ–साथ रहेगी।''।

21. धारा 121 ग का अन्तःस्थापन.––मूल अधिनियम की धारा 121–ख के पश्चात् निम्नलिखित अतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"121–ग. निर्वाचन व्यय के लेखे सौंपने में असफल रहने पर निरर्हता.–यदि प्राधिकृत अधिकारी का समाधान हो जाता है कि कोई व्यक्ति,–

(क) इस अधिनियम के अधीन अपेक्षित रीति और समय के भीतर निर्वाचन व्यय के लेखे सौंपने में असफल हो गया है ; या

(ख) उसके द्वारा सौंपे गए लेखे विहित प्रारूप के अनुसार नहीं हैं ; और

(ग) उसके लिए कोई अच्छा हेतुक या स्पष्टीकरण नहीं है, तो वह निर्वाचन प्रत्याशियों के नामों को जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजेगा, जो राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा ऐसे प्रत्याशियों को पंचायत के लिए चुने जाने और पदाधिकारी होने के लिए राजपत्र, में आदेश के प्रकाशन की तारीख से तीन वर्ष की अवधि हेतु निरर्हित घोषित करेगा और निर्वाचित पदाधिकारी के निर्वाचन को शून्य घोषित करेगाः

परन्तु कोई ऐसा प्रत्याशी ऐसे आदेश के प्रकाशन से तीस दिन की अवधि के भीतर मण्डल आयुक्त को अपील कर सकेगा और उस का आदेश अंतिम होगा।"।

22. धारा 122 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 122 में,–

(क) उप धारा (1) में,–

(i) खण्ड (खख) में, "आचरण का दोषी पाया गया है," शब्दों के पश्चात् "जब तक कि ऐसी तारीख जिसको ऐसे आचरण के बारे में प्राधिकृत अधिकारी का निष्कर्ष दिया गया है से पांच वर्ष की कालावधि का अवसान न हो गया हो" शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे;

(ii) खण्ड (घ) में "अपराध का दोषसिद्ध ठहराया गया है" शब्दों के पश्चात् "जब तक उसकी दोषसिद्धि से पांच वर्ष की अवधि का अवसान न हो गया है।" शब्द अतःस्थापित किए जाएंगे;

(iii) खण्ड (ङ) में, "दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 110" शब्द, चिन्ह और अंकों के स्थान पर "भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023" (2023 का 46) शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे ;

(iv) खण्ड (ढ) के परन्तुक का लोप किया जाएगा ;

(ख) उप धारा (1) के पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थातः–

"(1–क) यदि कोई पूर्व पदाधिकारी, पंचायत के किसी धन या निधि या अन्य सम्पत्ति जिसमें वह एक पक्षकार रहा है की हानि, दुर्विनियोजन, दुर्व्यय, दुरूपयोजन हेतु दोषी पाया जाता है या जो अवचार के या उसके कर्त्तव्यों की घोर उपेक्षा के कारण उसके द्वारा हुई है जब तक कि उसके पद छोड़ने से छह वर्ष की अवधि का अवसान न हो गया हो, पंचायत का कोई पदाधिकारी चुने जाने के लिए निरर्हित होगा; और

(ग) उप–धारा (2) में "(1)" कोष्ठक और अंक के पश्चात् "या उप धारा (1क)" कोष्ठक, अक्षर और अंक अंतःस्थापित किए जाएंगे।

23. धारा 133 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 133 की उप धारा (1) में "निदेशक" शब्द के पश्चात् "या उस द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी" शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे।

24. धारा 134 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 134 में,–

(क) उप धारा (2) के खण्ड (छ) में "जिला परिषद" शब्दों के पश्चात् "या निदेशक" शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे;

(ख) उप धारा (3)के खण्ड (छ) में, "जिला परिषद्" शब्दों के पश्चात "या निदेशक या राज्य सरकार'' शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे।

25. धारा 142 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 142 में,–

(क) उप धारा (1) में "पदाधिकारी," शब्द और चिन्ह के पश्चात् "कार्यालय में अपनी पदावधि के दौरान पूर्व पदाधिकारी" शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे।

(ख) उप धारा (2) के पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्;––

"(3) ऐसे संबंधित नियमित, संविदा, दैनिक वेतनभोगी, आउटसोर्स या अन्य योजना आधारित कर्मचारियों जैसे कनिष्ठ अभियंता, ग्राम रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक, लेखापाल एवं अन्य समान कार्मिकों, जो पचायतों तथा पंचायती राज विभाग द्वारा नियोजित किए गये हैं, का उत्तरदायित्व भी निर्धारित किया जाएगा, यदि वे उन्हें सौंपे गए कर्त्तव्यों का पालन करने में असफल रहते हैं या ऐसे कर्त्तव्यों का पालन सम्यक् तत्परता से या निर्देशों के अनुसार नहीं करते हैं।''।

26. धारा 144 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 144 की उप धारा (3) के खण्ड (ख) में, "दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अध्याय 7 के उपबन्धों" शब्दों, संख्या, चिन्ह, अक्षर और अंकों के स्थान पर "भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (2023 का 46) के अध्याय 7 के उपबन्धों" शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे।

27. धारा 145 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 145 में,–

(क) उप–धारा (1) में,

(i) खण्ड (क) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:–

"(क) जो दाण्डिक आरोप या अन्यथा के लिए चौदह दिन से अधिक की अवधि के लिए अभिरक्षा में रहा हो या जिसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अध्याय 4, 7, 9, 10, 13 और अध्याय 5 की धारा 63, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 70, 71, 80, 88 से 94 तक, 99 और अध्याय 6 की धारा 103, 104, 107, 108, 109, 141, 146 अध्याय 17 और अध्याय 18 की धारा 310(2), (3), 311, 312, 316(4), (5) 318(4), 326(छ), 331(6) और (8) तक, और या हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2011 के अध्याय 6 की धारा 39 से 59 तक या लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 या भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के अधीन या खाद्य सामग्री और औषधि अपमिश्रण के निवारण, स्त्रियों तथा बालकों के सम्बन्ध में अनैतिक व्यापार दमन और सिविल अधिकारों के संरक्षण सम्बन्धी तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन किन्हीं दाण्डिक कार्यवाहियों में आरोप विरचित किए गए हैं:

परन्तु इस खंड के अधीन किसी पदाधिकारी को निलंबित करने के लिए आरोप पत्र के साथ कारण बताओ नोटिस जारी करने की आवश्यकता नहीं होगी और निलंबित किया गया कोई भी पदाधिकारी, जिसके विरुद्ध किसी आपराधिक कार्यवाही में आरोप विरचित किए गए हैं, सक्षम न्यायालय के अंतिम निर्णय तक निलंबित रहेगाः

परन्तु यह और कि किसी आपराधिक आरोप या अन्य कारण से चौदह दिन से अधिक समय तक हिरासत में रहने के बाद निलंबित किए गए पदाधिकारी का निलंबन रद्द कर दिया जाएगा यदि अन्वेषण अभिकरण द्वारा हिरासत की तारीख से छह मास के भीतर सक्षम न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है;"; और

(ii) उप–धारा (1) के परन्तुक का लोप किया जाएगा।

(ख) उप–धारा (2–क) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:–

"(2–क) उप–धारा (1) के खंड (ग) या उप–धारा (2) के अधीन किसी पदाधिकारी को तब तक निलंबित नहीं किया जाएगा जब तक कि उसे, यथास्थिति, आरोप पत्र या प्रारंभिक जांच या निरीक्षण या लेखा परीक्षा रिपोर्ट की प्रति के साथ कारण बताओ नोटिस जारी करके उसे सुनवाई का असवर न दे दिया जाए।";

(ग) उप–धारा (3) में, "उप–धारा (1) या (2)" शब्दों, चिन्हों और अंक के स्थान पर "उप–धारा (1) का खण्ड (ग) उप धारा (2)" शब्द, चिन्ह और अंक रखा जाएगा; और

(घ) उप–धारा (3) के पश्चात् निम्नलिखित अतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्–

"(3–क) ऐसे मामलों में, यदि धारा 146 के अधीन जांच छह मास के भीतर पूरी नहीं होती है, तो जांच करने वाला अधिकारी संबंधित प्राधिकारी को लिखित में कारण प्रस्तुत करेगा और इसके अतिरिक्त छह मास के लिए एक बार विस्तार दिया जा सकेगा।

(3–ख) यदि देरी निर्वाचित प्रतिनिधि की ओर से विधि के अनुसार जांच में असहयोग करने के लिए होती है, तो निलंबन आदेश छह मास की समाप्ति के बाद रद्द नहीं किया जाएगा और जांच अधिकारी निर्धारित अवधि के भीतर एकतरफा जांच के लिए आगे बढ़ेगा।

(3–ग) उक्त धारा की उप–धारा (3) के अधीन निलंबन के प्रतिसंहरण का आदेश धारा 146 के अधीन जांच को तब तक प्रभावित नहीं करेगा जब तक कि इसका निष्कर्ष निकल नहीं जाता है।"; और

(ङ) उपधारा (4) में, चिन्ह"।", के स्थान पर ":" चिन्ह रखा जाएगा और तत्पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्–

"परन्तु यदि पंचायतों के निर्वाचित पदाधिकारियों को इस सीमा तक निलंबित कर दिया जाए कि शेष निर्वाचित पदाधिकारियों की संख्या पंचायत की बैठक बुलाने के लिए अपेक्षित गणपूर्ति पूरी नहीं करते हैं, तो राज्य सरकार या ऐसा प्राधिकारी जैसा विहित किया जाए संबंधित ग्राम सभा की सिफारिशों पर, ऐसी समिति के प्रमुख सहित व्यक्तियों की एक समिति गठित कर सकेगा, जो ऐसे निलंबित पदाधिकारियों पर अंतिम निर्णय लंबित रहने तक पंचायत की शक्तियों का प्रयोग, कर्त्तव्यों का पालन और कार्यों का निर्वहन करेगी।"।

28. धारा 151 का प्रतिस्थापन.––धारा 120 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 151 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थातः–

"**151. किसी सदस्य, पदाधिकारी या सेवक द्वारा संविदा में हित अर्जित करने के लिए शास्ति.**––यदि पचांयत का कोई सदस्य या पदाधिकारी या सेवक, पंचायत के साथ या उसके द्वारा या उसकी ओर से की गई संविदा या किए गए किसी नियोजन में प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः कोई वैयक्तिक अंश या हित, जानते हुए अर्जित करता है तो उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसने भारतीय न्याय संहिता, 2023 (2023 का 45) की धारा 202 के अधीन अपराध किया है।

स्पष्टीकरण.––इस धारा के प्रयोजनों के लिए "पंचायत के सेवक" के अन्तर्गत समस्त सम्मिलित हैं जो पंचायत का नियुक्ति प्राधिकारी और उनके पारिश्रमिक के स्त्रोत को विचार में लाए बिना पंचायत में सेवारत है।"।

29. धारा 152 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 152 में, "भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 341" शब्दों, चिन्हों और अंकों के स्थान पर, "भारतीय न्याय संहिता, 2023 (2023 का 45) की धारा 126 (2)" शब्द, चिन्ह, और अंक रखे जाएंगे।

30. धारा 155 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 155 में विद्यमान उपबन्ध को (1) के रूप में संख्यांकित किया जाएगा और, तत्पश्चात् निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"(2) यदि कोई व्यक्ति, किसी प्रविष्टि के किसी निर्वाचक नामावली में सम्मिलित या उसमें अपवर्जित किए जाने के संबंध में लिखित रूप में कोई कथन या घोषणा करता है जो मिथ्या है और जिसके मिथ्या होने का या तो उसे ज्ञान है या विश्वास है या जिसके सत्य होने का उसे विश्वास नहीं है तो वह जुर्माने से, जो पांच हजार रुपये तक हो सकेगा, दण्डित किया जाएगा।"।

31. धारा 158–द का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 158–द में,–

(क) शीर्षक में, "मतदान के दिन" शब्दों के पश्चात् "और गणना के दिन" शब्द अतःस्थापित किए जाएंगे; और

(ख) उप–धारा (1) में, "मतदान क्षेत्र में" शब्दों के पश्चात् "और मतगणना के दिन" शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे।

32. धारा 160 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 160 की उपधारा (1) के अन्त में, "।" चिन्ह के स्थान ":" चिन्ह रखा जाएगा और उसके पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"परन्तु केवल ऐसे व्यक्ति पर राज्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा. जिसने केन्द्र या राज्य सरकार में ग्रुप–ए या श्रेणी–I के पद पर बीस वर्ष तक कार्य किया हो और उसे निर्वाचन (निर्वाचनों) के संचालन का अनुभव हो तथा उसके विरुद्ध कोई सतर्कता या विभागीय मामला लंबित न होः

परन्तु यह और कि नियुक्ति करने से पूर्व सतर्कता अनापत्ति प्रमाण–पत्र भी प्राप्त किया जाएगा।"।

33. धारा 160–क का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 160–क में, "राज्य सरकार" शब्द जहां कहीं आते हैं के स्थान पर "जिला निर्वाचन अधिकारी" शब्द रखे जाएंगे।

34. धारा 161 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 161 के खण्ड (iii) में, "आयुक्त" शब्द के स्थान पर "मण्डलायुक्त" शब्द रखा जाएगा।

35. धारा 167 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 167 की उप–धारा (2) में, "भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872'' शब्दों, चिन्हों और अंकों के स्थान "भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023'' (2023 का 47) शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे।

36. धारा 169 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 169 की उप–धारा (2) में, "दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 345 और 346" शब्दों, चिन्हों और अंकों के स्थान पर "भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (2023 का 46) की धारा 384 और 385" शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे।

37. धारा 172 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 172 में, "भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अध्याय 9–क" शब्दों, चिन्हों और अंकों के स्थान पर "भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अध्याय 9" शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे।

38. धारा 186 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 186 की उप–धारा (3) में, "सभी नियम" शब्दों के पश्चात् "अधिनियम की धारा 135 के अधीन बनाए गए नियमों के सिवाए" शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे।

39. धारा 190 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 190 में, "भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 21 के अर्थ" शब्दों, चिन्हों और अंकों के स्थान "भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 2(28)के अर्थ " शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे।

40. अनुसूची–3 का प्रतिस्थापन.––मूल अधिनियम से संलग्न अनुसूची–3 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:–

"अनुसूची–3

(धारा 32 देखें)

ग्राम पंचायत द्वारा संज्ञेय अपराध

संख्या	अधिनियम या संहिता का नाम	अपराध	धारा
1.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	स्वेच्छया उपहति कारित करना	115
2.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	प्रकोपन पर स्वेच्छा उपहतिकारित करना	122(1)
3.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	सदोष अवरोध	126
4.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	गंभीर प्रकोपन होने से अन्यथा हमला करने या आपराधिक बल का प्रयोग करने के लिए दण्ड।	131
5.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	दंगा	194
6.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	समनों की तामील या अन्य कार्यवाही से बचने के लिए फरार हो जाना।	206
7.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	समन की तामील का या अन्य कार्यवाही का या उसके प्रकाशन का निवारण करना।	207
8.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	शपथ या प्रतिज्ञान से इंकार करना, जबकि लोक सेवक द्वारा वह वैसा करने के लिए सम्यक् रूप से अपेक्षित किया जाए।	213
9.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	प्रश्न करने के लिए प्राधिकृत लोक सेवक को उत्तर देने से इंकार करना।	214
10.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	कथन पर हस्ताक्षर करने से इन्कार करना	215
11.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	न्यायिक कार्यवाही में बैठे हुए लोक सेवक का साशय अपमान या उसके कार्य में विघ्न।	267
12.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	उपेक्षापूर्ण कार्य जिससे जीवन के लिए संकटपूर्ण रोग का संक्रमण फैलना संभाव्य हो।	271
13.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	लोक जल–स्त्रोत या जलाशय का जल कलुषित करना	279
14.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	लोक मार्ग या नौपरिवहन पथ में संकट या बाधा।	285

15.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	अग्नि या ज्वलनशील पदार्थ के सम्बन्ध में उपेक्षापूर्ण आचरण।	287
16	भारतीय न्याय संहिता, 2023	विस्फोटक पदार्थ के बारे में उपेक्षापूर्ण आचरण।	288
17.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	किसी निर्माण को गिराने, उसकी मरम्मत करने या संन्निर्माण करने के सम्बन्ध में उपेक्षापूर्ण आचरण।	290
18.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	जीव–जन्तु के सम्बन्ध में उपेक्षापूर्ण आचरण	291
19.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	अन्यथा अनुपबन्धित मामलों में लोक न्यूसेन्स के लिए दण्ड।	292
20.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	अश्लील कार्य और गाने	296
21.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	आपराधिक न्यायभंग	316 (1और 2)
22.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	चुराई हुई सम्पत्ति	317 (1 और 2)
23.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	छल	318 (1और 2)
24.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	रिष्टि (नुकसान या हानि 1,000 रुपये के मूल्य तक हों।	324 (1 से 5 तक)
25.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	जीव–जन्तु का वध करने या उसे विकलांग करने द्वारा रिष्टि। (1,000 रुपये के मूल्य तक)।	325
26.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	आपराधिक अतिचार और गृह–अतिचार	329
27.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	लोकशान्ति भंग कराने को प्रकोपित करने के आशय से साशय अपमान।	352
28.	भारतीय न्याय संहिता, 2023	मत्त व्यक्ति द्वारा लोक स्थान में अवचार	355
29.	टीका अधिनियम,1880 (1880 का 13)	धारा 22 के खण्ड (क) (ख) और (घ) के अन्तर्गत आने वाले अपराधों का दण्ड	धारा 22 के खण्ड (ग) के सिवाय।
30.	पशु अतिचार अधिनियम, 1871	पशुओं के अभिग्रहण का बलपर्वूक विरोध करना अथवा उन्हें छुड़ाना।	24
31.	पशु अतिचार अधिनियम, 1871	सुअरों द्वारा भूमि या फसलों और सार्वजनिक सड़कों को नुक्सान पहुंचाया जाना।	26
32.	हिमाचल प्रदेश किशोर (धूम्रपान निषेध) अधिनियम, 1952	बालकों को तम्बाकू बेचने के लिए शास्ति	3
33.	हिमाचल प्रदेश किशोर (धूम्रपान निषेध) अधिनियम, 1952	सार्वजनिक स्थान में किशोर से तम्बाकू का अभिग्रहण करना।	4
34.	सार्वजनिक द्यूत अधिनियम, 1867 (1867 का 2)	जुआघर का स्वामी होने या उसे चलाने या भार साधक होने के लिए शास्ति।	3
35.	सार्वजनिक द्यूत (पब्लिक गैंबलिंग) अधिनियम, 1867 (1867 का 2)	जुआघर में पाए जाने के लिए शास्ति	4
36.	सार्वजनिक द्यूत (पब्लिक गैंबलिंग) अधिनियम, 1867 (1867 का 2)	गिरफ्तार व्यक्तियों पर गलत नाम और पता देने के लिए शास्ति।	7
37.	सार्वजनिक द्यूत (पब्लिक गैंबलिंग) अधिनियम, 1867 (1867 का 2)	इस अधिनिमय की धारा 22, 158 और 187 के अधीन अपराध।	

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

Act No. 1 of 2026

THE HIMACHAL PRADESH PANCHAYATI RAJ (AMENDMENT) ACT, 2025

ARRANGEMENT OF SECTIONS

Sections:

1. Short title.
2. Amendment of section 2.
3. Amendment of section 4.
4. Amendment of section 5.
5. Amendment of section 5-B.
6. Amendment of section 7-A.
7. Amendment of section 9.
8. Amendment of section 31.
9. Amendment of section 32.
10. Amendment of section 33.
11. Amendment of section 38.
12. Amendment of section 39.
13. Amendment of section 40.
14. Amendment of section 41.
15. Amendment of section 60.
16. Amendment of section 64.
17. Amendment of section 76.
18. Amendment of section 99.
19. Substitution of section 115.
20. Amendment of section 120.
21. Insertion of section 121-C.
22. Amendment of section 122.
23. Amendment of section 133.
24. Amendment of section 134.
25. Amendment of section 142.
26. Amendment of section 144.
27. Amendment of section 145.
28. Substitution of section 151.
29. Amendment of section 152.
30. Amendment of section 155.
31. Amendment of section 158-R.
32. Amendment of section 160.
33. Amendment of section 160-A.
34. Amendment of section 161.
35. Amendment of section 167.
36. Amendment of section 169.
37. Amendment of section 172.
38. Amendment of section 186.
39. Amendment of section 190.
40. Substitution of SCHEDULE –III.

Act No. 1 of 2026

THE HIMACHAL PRADESH PANCHAYATI RAJ (AMENDMENT) ACT, 2025

(AS ASSENTED TO BY THE GOVERNOR ON 31ST DECEMBER, 2025)

AN

ACT

further to amend the Himachal Pradesh Panchayati Raj Act, 1994 (Act No. 4 of 1994).

BE it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Seventy-sixth Year of the Republic of India as follows:—

1. Short Title.—This Act may be called the Himachal Pradesh Panchayati Raj (Amendment) Act, 2025.

2. Amendment of Section 2.—In section 2 of the Himachal Pradesh Panchayati Raj Act, 1994 (hereinafter referred to as the "principal Act"),—

(a) in clause (22), for the words, sign and figures "section 2 of the Code of Criminal Procedure, 1973", the words, sign and figures "section 2 of the Bhartiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023" (46 of 2023) shall be substituted; and

(b) in clause (35), for the words, sign and figures "section 21 of the Indian Penal Code, 1860 " , the words, signs and figures "section 2 (28) of the Bhartiya Nyaya Sanhita, 2023" (45 of 2023) shall be substituted.

3. Amendment of Section 4.—In section 4 of the principal Act, after sub-section (3), the following shall be inserted, namely:—

"(4) If any person makes in connection with,—

(a) the preparation, revision or correction of an electoral roll; or

(b) the inclusion or exclusion of any entry in or from an electoral roll,

a statement or declaration in writing which is false and which he either knows or believes to be false or does not believe to be true, he shall be punished as per section 155.".

4. Amendment of Section 5.—In section 5 of the principal Act,—

(a) in sub-section (1),

(i) in second proviso,—

(A) after the words "Deputy Commissioner", the words "or the Director" shall be inserted;

(B) for the figures "30" and for the words "an extra-ordinary general meeting", the words "three" and "a special meeting" shall be substituted respectively; and

(ii) in third proviso for the word " thirty", the word "seven" shall be substituted;

(b) in sub-section (3),—

(i) after the word "general", the words "or a special" shall be inserted; and

